Seat No. : _______________

MA-II-32

April-2007

Hindi

Paper-VI

(भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा)

(New Course)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

1. प्राचीन भारतीय आर्यभाषाओं का परिचय प्रस्तुत कीजिए । **(15)**

   अथवा

   वाक्य की परिभाषा देते हुए भाषा के अभिलक्षणों पर प्रकाश डालिए ।

2. भाषा विज्ञान की परिभाषा देते हुए भाषा विज्ञान के अध्ययन की दिशाओं पर प्रकाश डालिए । **(15)**

   अथवा

   भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा के अभिलक्षणों पर प्रकाश डालिए ।

3. खड़ीबोली का क्षेत्र विस्तारगत परिचय देते हुए खड़ीबोली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **(15)**

   अथवा

   हिंदी के विविध रूपों पर प्रकाश डालिए ।

4. स्वनिम की परिभाषा देते हुए स्वनिम के भेदों पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए । **(15)**

   अथवा

   व्यंजन की परिभाषा देते हुए व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए ।

5. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : **(20)**

   (क) माध्यम भाषा एवं संपर्क भाषा अथवा समास

   (ख) हिंदी की सांविधिक स्थिति अथवा पर्यायता

   (ग) अनेकार्थता अथवा संचार भाषा

   (घ) अंत: केंद्रित रचना और बाह्य केंद्रित रचना अथवा विलोमता

6. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(20)**

(1) क, च, ट, त, प किस तरह की व्यंजन ध्वनियाँ हैं ?

(क) उपसर्ग (ख) महाप्राण

(ग) अल्पप्राण (घ) प्रत्यय

(2) ङ, ञ, ण, न, म किस तरह की व्यंजन ध्वनियाँ हैं ?

(क) अनुनासिक (ख) महाप्राण

(ग) मौखिक (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(3) उपवाक्य कितने प्रकार के होते हैं ?

(क) एक (ख) दो

(ग) तीन (घ) चार

(4) संविधान की अष्टम् अनुसूची में अब कितनी भाषाएँ हो गई हैं ?

(क) 14 (ख) 15

(ग) 18 (घ) 22

(5) संविधान की अष्टम् अनुसूची में इनमें से कौन-सी भाषा नहीं है ?

(क) मैथिली (ख) बोडो

(ग) संथाली (घ) अंग्रेजी

(6) आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ एक हजार ई. के आसपास कौन-सी भाषा में से निकली हैं ?

(क) पालि (ख) प्राकृत

(ग) अपभ्रंश (घ) संस्कृत

(7) अनुच्छेद 343 से 351 तक संविधान के किस भाग में हैं ?

(क) भाग – 5 (ख) भाग – 6

(ग) भाग – 17 (घ) भाग – 30

(8) स्वनिम के कितने भेद होते हैं ?

(क) 2 (ख) 5

(ग) 6 (घ) 8

(9) पाणिनि ने कौन-सा व्याकरणिक ग्रंथ लिखा ?

(क) अमरूक शतक (ख) भाषा विज्ञान

(ग) अष्टाध्यायी (घ) व्याकरण चंद्रिका

(10) संशोधित राजभाषा अधिनियम कब लागू हुए ?

(क) 1960 (ख) 1980

(ग) 1947 (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(11) पं. कामता प्रसाद गुरु के व्याकरण का क्या नाम है ?

(क) हिंदी व्याकरण (ख) हिंदी भाषा विज्ञान

(ग) हिंदी शब्दानुशासन (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(12) आचार्य किशोरीदास वाजपेयी के हिंदी व्याकरण ग्रंथ का क्या नाम है ?

(क) भाषिकी (ख) हिंदी व्याकरण

(ग) हिंदी शब्दानुशासन (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(13) देवनागरी हिदी वर्तनी एवं अंकों का मानकीकरण कब लागू हुआ ?

(क) 1960 (ख) 1962

(ग) 1967 (घ) 1980

(14) 'क' वर्ग का उच्चारण स्थान क्या है ?

(क) ओष्ठ (ख) तालु

(ग) मूर्द्धा (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(15) विसर्ग (:) एवं 'ह' व्यंजन ध्वनि का उच्चारण स्थान क्या है ?

(क) कंठ (ख) ओष्ठ

(ग) तालु (घ) मूर्द्धा

(16) 'प' वर्ग का उच्चारण स्थान क्या है ?

(क) तालु (ख) कंठ

(ग) मूर्द्धा (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(17) 'इ' एवं 'य' ध्वनियों का उच्चारण स्थान निम्नलिखित में से है

(क) तालु (ख) मूर्द्धा

(ग) कंठ (घ) ओष्ठ

(18) ये वे ध्वनियाँ हैं जिनके उच्चारण में मुख विवर में कोई न कोई अवरोध अवश्य उपस्थित होता है

(क) स्वर (ख) व्यंजन

(ग) लेखिम (घ) इनमें से कोई नहीं

(19) कोई भी भाषा किसी भाषा से ग्रहण करने में एक तत्त्व के सिवाय सब कुछ अपनाने के लिए थोड़े से रूप में स्वतंत्र है लेकिन एक ऐसे तत्त्व को अपनाने पर वह मर जाती है, वह तत्त्व क्या है ?

(क) शब्द (ख) रूप

(ग) ध्वनि (घ) स्वनिम

(20) 'ऑ' ध्वनि कहाँ से हिंदी में ग्रहण की गई है ?

(क) अरबी-फारसी से (ख) संस्कृत से

(ग) उर्दू से (घ) अंग्रेजी से